<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेले में 09 प्रगतिशील कृषकों को किया सम्मानित

पंतनगर। 22 मार्च 2021। पंतनगर में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर आज अतिथि, महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड, श्रीमती बेबी रानी मौर्य एवं कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं प्रबंध परिषद के सदस्य, श्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी हाल में खेती में अभिनव प्रयोग करने और उल्लेखनीय सफलता के लिए राज्य के विभिन्न जनपदों से चुने गये 09 प्रगतिशील कृषकों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले किसानों में श्री देवेन्द्र कुमार, ग्राम हरीपुरा नरसिंह डाडा, जिला चम्पावत; श्री रवि किरण सैनी, ग्राम रायपुर, जिला हरिद्वार; श्री पुष्कर सिंह गोबाड़ी, ग्राम गेठीगढ़ा, जिला पिथौरागढ़; श्री भक्तदर्शन सिंह रावत, ग्राम चौण्डा, जिला चमोली; सुश्री माया नेगी, ग्राम गिन्तीगांव, जिला नैनीताल; श्री परमवीर सिरोही, ग्राम ढाकी, जिला देहरादून; श्री गोपाल दत्त उप्रैती, ग्राम बिल्लेख, जिला अल्मोड़ा; श्री बलकार सिंह, ग्राम दोहरी परसा, जिला ऊधमसिंह नगर; एवं श्री राकेश सिंह पंवार, ग्राम नाला, जिला रूद्रप्रयाग, सम्मिलित थे।

नैनीताल की प्रगतिशील किसान सुश्री माया नेगी को सम्मानित करते पंतनगर प्रबंध परिषद के सदस्य, श्री पुष्कर सिंह धामी, पद्मश्री भरत भूषण त्यागी एवं निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा।